दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 17 मुरादाबाद, 07 May 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## बेंगलुरु में PM मोदी का 26 किमी लंबा रोड शो, देखने के लिए हजारों लोग जुटे



कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है। सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक चुनाव के लिए मेगा रोड शो शुरू किया है। बेंगलुरु में पीएम मोदी का रोड शो सुबह 10 बजे शुरू हुआ। उनका यह रोड शो 17 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। इसमें हजारों की भीड़ जुटी है। पीएम की रैली में जय बजरंगबली के नारे भी लगाए जा रहे हैं। बेंगलुरु- बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में एक व्यक्ति भगवान हनुमान के वेश में दिखा।पीएम मोदी के रोडशो का पूरा मार्ग अब तक भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। सड़क के दोनों हिस्सों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झंडों से पाट दिया गया है और इसमें शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी भगवा शॉल व टोपी पहन रखी है।बेंगलुरु दक्षिण के सोमेश्वर भवन आरबीआई ग्राउंड से मल्लेश्वरम के सांके टैंक तक निकाले जाने वाले इस रोड शो के लगभग साढ़े तीन घंटे में पूरा होने की संभावना है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, करीब 1.30 बजे तक चलने वाला यह रोड शो, 17 विधानसभाओं को कवर करेगा।कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है। सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक चुनाव के लिए मेगा रोड शो करेंगे। बेंगलुरु में पीएम मोदी का रोड शो सुबह 10 बजे शुरू होगा और दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा। उनका यह रोड शो 17 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। इसमें 10 लाख से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

## सीएम योगी को भारतरत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड से किया सम्मानित, पूर्व राष्ट्रपति ने कही ये बात

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुंबई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया है। योगी आदित्यनाथ का यह अवार्ड यूपी विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लखनऊ से आकर ग्रहण किया।



यूपी विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने मुख्यमंत्री योगी की जगह ये अवार्ड ग्रहण किया

### गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को बनाया भयमुक्त - कोविंद

बुद्धांजलि रिसर्च फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रामनाथ कोविंद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को भयमुक्त बनाने का काम किया है। वहीं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ हमारे मित्र हैं और उत्तर प्रदेश में गुंडे, माफिया आज उनके नाम से थर थर कांप रहे हैं।

### कार्यालयों में बाबा साहेब की फोटो लगवाना सराहनीय

डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि योगी जी ने उत्तर प्रदेश के सरकारी महकमों में डॉ. अंबेडकर की फोटो लगाने का आदेश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बना कर योगी आदित्यनाथ ने माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के सपनों को पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ आज दलितों-वंचितों के मसीहा बन चुके हैं।

### दलित, पिछड़े और वंचितों के हित में कर रहे काम - कैलाश मासूम

बुद्धांजलि फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक कैलाश मासूम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड देकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, सबको साथ लेकर चल रही है। इस अवसर पर फ़िल्म अभिनेता प्रेम चोपड़ा, उदित नारायण और राजपाल यादव सहित देश के अन्य क्षेत्रों से आयी प्रतिभाओं को भी 13वें भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## दुस्साहस: लखनऊ में लुटेरों का आतंक, चेन लूटने के लिए मारा झपट्टा तो बाइक से गिरी महिला, मासूम का सिर फटा



प्रदेश की राजधानी में लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिन पहले तमंचा लगाकर घर के बाहर से स्कूटी सवार युवती का पर्स छीनने के बाद अब लुटेरों ने बाइक से जा रही महिला की चेन लूटने की कोशिश की।आए दिन हो रहीं पर्स, मोबाइल और चेन लूट की घटनाओं पर पुलिस लगाम नहीं कस पा रही है। शुक्रवार देर रात अलीगंज इलाके में आंचलिक विज्ञान केंद्र के पास बाइक सवार बदमाश ने पति के साथ मोटरसाइकिल से जा रही महिला की चेन लूटने के लिए झपट्टा मारा। झपट्टे से बाइक अनियंत्रित हुई और महिला, मासूम बेटे समेत सड़क पर गिर गई। जिससे महिला चोटिल हुई और उसके बच्चे का सिर फट गया।अलीगंज भिंडिया टोला में रहने वाले नीरज मिश्रा शुक्रवार देर रात पत्नी और 11 माह के बेटे के साथ एक रिश्तेदार के घर से समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। पत्नी बेटे को लेकर बाइक पर पीछे बैठी थीं। इस बीच आंचलिक विज्ञान केंद्र के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने नीरज की पत्नी की चेन लूटने के लिए गले पर झपट्टा मारा। गले पर लुटेरे का हाथ पड़ते ही नीरज की बाइक अनियंत्रित हो गई। पत्नी बच्चे के साथ सड़क पर गिर गईं। यह देख लुटेरा भाग निकला। घटना में बच्चे का सिर फट गया।

राहगीरों की मदद से आनन-फानन नीरज पत्नी और बेटे को अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। अलीगंज इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय पहुंचे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि लुटेरे के झपट्टे से महिला का बच्चा चोटिल हो गया है। चेन नहीं लुटी है। बदमाशों की सुरागरशी के लिए घटनास्थल और मुख्य मार्ग पर लगे सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## यूनिवर्सिटी में राष्ट्रपति के संबोधन के दौरान लाइट गुल, मुर्मू को सुनने के लिए अंधेरे में बैठे रहे लोग



महाराजा श्री रामचंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के दौरान लाइट चली गई। लाइट जाने के बाद पूरा कार्यक्रम स्थल अंधेरे में डूब गया। यह घटना शनिवार की है जहां राष्ट्रपति मुर्मू के संबोधन के दौरान ही चंद मिनटों के लिए लाइट चली गई थी। करीबन 11:56 से 12:05 तक समारोह में लाइट नहीं थी। हालांकि इसके बावजूद मुर्मू ने अपना संबोधन जारी रखा। दरअसल, कार्यक्रम स्थल पर माइक सिस्टम अप्रभावित था। एयर कंडीशनिंग सिस्टम भी काम कर रहा था। संबोधन के दौरान मुर्मू ने कहा कि बिजली हमारे साथ लुका छिपी खेल रही है। बड़ी संख्या में मौजूद दर्शक भी धैर्यपूर्वक अंधेरे में मुर्मू की बातें सुनने के लिए बैठे रहें। यूनिवर्सिटी के उप कुलपति संतोष कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रपति मुर्मू के संबोधन के दौरान हुई लाइन जाने पर माफी मांगी। उन्होंने कहा- मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए खुद को दोषी मानता हूं। हम इसके लिए शर्मिंदा हैं। हम निश्चित रूप से घटना की जांच करेंगे और घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राज्य के स्वामित्व वाली औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड ने इस आयोजन के लिए जनरेटर की आपूर्ति की थी। हम उनसे इसके बारे में बात करेंगे। मुर्मू ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर की रहने वाली है और लोग उन्हें यहां की माटी की बेटी बुलाते हैं। टाटा पावर, नॉर्थ ओडिशा पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ भास्कर सरकार ने बताया कि बिजली की तारों में कुछ खराबी होने की वजह से यह गड़बड़ी हुई थी।

### उदारता और सहयोग से एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण होता है

यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति द्रैपदी मुर्मू ने छात्रों से केवल अपनी खुशी और रुची के बारे में नहीं बल्कि समाज और देश के कल्याण के बारे में भी सोचने की अपील की। उन्होंने कहा- सहयोग जीवन का एक बेहद ही सुंदर पक्ष है, जिसका अभ्यास हर छात्रों को करना चाहिए। लोगों में कॉम्पिटीशन करने की भावना स्वाभाविक है। यह जीवन का एक अनिवार्य भाग है। जब आप अपने जीवन में आगे बढ़ जाते है और फिर पीछे मुड़कर देखोगे तो ऐसा लगेगा कि समाज के कुछ लोग आपके साथ नहीं है।

### छात्रों को कॉम्पिटीशन में जीतने की कोशिश करना चाहिए

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि छात्रों को सभी कॉम्पिटीशन में जीतने की कोशिश करना चाहिए। इसके लिए उन्हें बेहतर कौशल और अधिक दक्षता की तरफ बढ़ना होगा।

## कर्नाटक- चुनाव से पहले IT विभाग की कार्रवाई, बेंगलुरु और मैसूरु में छापेमारी; 15 करोड़ रुपये सहित ज्वेलरी जब्त

कर्नाटक चुनाव से पहले आयकर विभाग ने राज्य में बड़े पैमाने पर नकदी और ज्वेलरी जब्त की है। आयकर विभाग ने 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को धन मुहैया कराने के लिए कथित रूप से संसाधन जुटाने वाले कुछ फाइनेंसरों पर छापा मारा है। कर्नाटक चुनाव से पहले आयकर विभाग (Income Ta& Department) ने राज्य में बड़े पैमाने पर नकदी और ज्वेलरी जब्त की है। आयकर विभाग ने 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को धन मुहैया कराने के लिए कथित रूप से संसाधन जुटाने वाले कुछ फाइनेंसरों पर छापा मारा है।



### बड़े पैमाने पर नकदी सहित ज्वेलरी जब्त

आयकर विभाग ने बेंगलुरु और मैसूरु में कई स्थानों पर छापेमारी के बाद 15 करोड़ रुपये नकद और पांच करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण जब्त किए हैं। आयकर विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इसका उपयोग चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाना था।

### कई स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई

सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को बेंगलुरु के शांति नगर, कॉक्स टाउन, शिवाजी नगर, आरएमवी एक्सटेंशन, कनिंघम रोड, सदाशिव नगर, कुमारपार्क वेस्ट और फेयरफील्ड लेआउट में छापेमारी की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इन कार्रवाई में कई गुप्त स्थानों से बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं।

### कर्नाटक में 10 मई को चुनाव

बता दें कि कर्नाटक चुनाव से पहले राज्य में बड़े स्तर पर एजेंसियां ऐसे गतिविधियों पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है। इससे पहले भी राज्य में चुनाव से जुड़े पैसे जब्त किए जा चुके हैं। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने है। इससे पहले सभी पार्टियां अपनी जीत के लिए वोटर्स को लुभाने की कोशिश में जुट गई हैं।

## संपादकीय Editorial

# Why did Manipur burn?

The northeastern state of Manipur has suddenly caught fire. One tribal community is intent on killing another inter-caste community. The Meitei and the Kuki Naga communities have been eternal enemies, even though they are residents and citizens of Manipur. The situation boiled to such an extent that about 9000 people had to be sent to safer places or camps. Curfew has been imposed, Section 144 is in force and internet-mobiles are closed indefinitely. Thousands of personnel from the Army, Assam Rifles and local police have been deployed. The Union Home Ministry has written to the Defense Ministry, seeking the services of the Air Force, so that paramilitary personnel from various centers can be airlifted to the burning districts of Manipur. The most important and serious announcement has been made by the governor that the rioters should be shot at sight. This is a very unusual situation. Manipur resident, six-time world champion boxer and Rajya Sabha MP Mary Kom had to plead through social media to Prime Minister Modi, Home Minister Amit Shah and Defense Minister Rajnath Singh that my state Manipur is burning. Please save it and restore peace.' The sensitive and worrying aspect is that Manipur shares its border with Myanmar and the situation there is extremely violent. Circumstances can act as fuel in the fire. In fact, the Manipur High Court had recently given a directive decision that the state government should consider including the Meitei community in the Scheduled Tribes (ST) list and send recommendations to the Government of India. If such a decision is to be taken and any community is to be included in the tribe, only the National Commission and the Union Cabinet can take a decision. The matter can also be put up for consideration in the Parliament. Other tribal communities have protested the High Court's decision, as a result of which Manipur has gone up in flames. The agitated tribals are apprehensive that the Meitei may usurp their rights, reservation, land and resources as they are relatively prosperous, developed and powerful.

About 53 per cent of the state's 38 lakh population are Meiteis. Imphal valley is Meitei dominated. Although the Meitei are settled in only 10 percent of the land area of the state. Naga, Kuki tribal communities live in the remaining 90 per cent of the area, but their population is small. In August last year, Chief Minister N. Biren Singh's government had ordered the removal of the Naga and Kuki tribes from the forest areas of the state, terming them as 'infiltrators'. Naga, Kuki were angry and agitated. The Meitei are predominantly Hindu, while most Nagas and Kukis follow Christianity. The Meiteis have been maintaining that they were considered the main tribal community during the British rule in India. They were also considered a 'Hindu tribal', but Manipur merged with the Indian Union in 1949 and the Meitei were dropped from the list of Scheduled Tribes in 1950. In the last seven decades, Meitei's population has decreased from 62 percent to around 50 percent. Now Meiteis are demanding ST status in view of protecting their historical identity, culture, language. This is also his constitutional right. They are making it clear again and again that they do not want the rights and resources of others. They have become aliens in their own land, while they are the most ancient tribes. The other side is opposing it and processions etc. are being organised. He has also sent a memorandum to President Draupadi Murmu that Meitei's demand is wrong. However, it remains to be seen when the fire in Manipur will subside.

# Katrina Kaif shared her pictures in blue shirt, user said - this is school uniform

Let us tell you that the actress's last film Phonebhoot was unsuccessful at the box office. And now these days she is in headlines for Salman Khan's film Tiger 3. Please tell that Katrina and Vicky got married on 9 December 2021. The pairing of Bollywood actress Katrina Kaif and Vicky Kaushal is very much liked. Both are considered one of the most popular and loving couples of Bollywood. Their marriage was in the limelight. Many pictures and videos of Katrina and Vicky's wedding went viral on social media. Not only this, both are seen lavishing love on each other even on social media. Along with acting, Katrina is also very active on social media. Meanwhile, she has attracted the attention of fans through her latest pictures. Katrina Kaif has shared pictures of her latest photoshoot on Instagram account. In these photos you can see that Katrina is wearing a blue lining shirt. Many buttons on the top of this shirt are open. The scattered and tangled hair of the actress with this shirt is making her even more beautiful. During this, she is seen posing in different styles. Katrina's smile in photos is making fans crazy. Sharing these photos, the actress wrote in the caption, 'Summer Blues'. Commenting on Katrina's picture, people told the shirt as Vicky's. These pictures of Katrina Kaif are being liked a lot on social media. By commenting on this, users are giving different reactions. Someone is calling this shirt of his as his school uniform, while someone is calling it Vicky's shirt. Commenting on this, a user wrote, 'This is our school uniform, which you are wearing.' One wrote, 'Vicky's shirt.' While praising Katrina, one wrote, 'The one above has made it with great leisure.' Many such comments are coming on these pictures.



# Fans are heartbroken on Babita ji's latest picture, commented and wrote- 'What will happen to Jethalal'

Munmun is one of those stars who remain in headlines regarding personal life along with professional life. Along with acting, she is also very active on social media. Munmun stays connected with the fans through her latest pictures and videos every day. TV's famous sitcom show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' has been entertaining the audience for the past several years. Not only the story of this show, but its characters are also very much discussed among the audience. In the show where on one hand Jethalal's family is very much liked. At the same time, the Iyer family is also not behind them in any matter. The characters of Jethalal and Babita ji are liked the most by the audience. The love-filled banter between the two is well-liked. Meanwhile, Babita ji's latest picture is in the news. Babita ji's picture won hearts - Munmun Dutta is playing the character of Babita ji in the show Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah. Along with acting, Munmun Dutta is also very active on social media. She often shares her photos and videos with fans. Meanwhile, new pictures of her have come to the fore. Munmun Dutta's style is being made in these pictures. In the photo, you can see that Munmun is seen enjoying food while sitting in a restaurant. During this, he has carried a white colored T-shirt. During this, her messy hair and face glow is making her look even more beautiful. Commenting on the picture, fans praised this picture of Munmun Dutta a lot. By commenting on this, users are seen praising him. Praising Munmun, a user wrote, "Who loves the pairing of Jethalal and Babita." One wrote, 'Tell Jethalal too to eat healthy.' One wrote, 'Make a video with Jethalal ji as well.' One wrote, 'What will happen to Jethalal.' Many more such comments are coming on this picture.




# Director Sudipto Sen said on The Kerala Story, said- those who were abusing earlier, are now clapping

The Kerala Story Reaction There was a lot of controversy regarding the film The Kerala Story. Now the film is doing good business at the box office. The film's director Sudipto Sen has reacted to the response the film is getting. The Kerala Story releases in theaters this Friday. There was a lot of controversy regarding the film. Now the film's director Sudipto Sen has broken his silence on the response the film is getting. Several people petitioned the Supreme Court and the Kerala High Court to stop the release of The Kerala Story. The Kerala Story film released on Friday - leaving behind all these controversies, the film was released on Friday. There was a lot of uproar regarding the content shown in the film and its subject matter. Now the director of the film has given his reaction on the reactions the film is getting. Earlier, Sudipto Sen and his team requested the audience to watch the film first and then give their feedback or opinion. The Kerala Story has got an opening of Rs 8 crores - Now that The Kerala Story has released in the theatres, then The film has got an opening of Rs 8 crore at the box office. Enthused by this, Sudipto Sen has spoken on this. Elaborating on this, he said, "I started working on this subject even before The Kashmir Files. I don't know why people talk about The Kashmir Files when they talk about my film. Let's bring it up. It is foolish to compare the two. Whether you agree with me or not, The Kashmir Files has shaken the people of India and at the same time has shown the power of cinema. My film belongs to another genre Its narrative is different." Sudipto Sen researched the film for 7 years- Sudipto Sen further said that he researched the subject for 7 years. Apart from this, he has more than 100 hours of testimonials. At the same time, there are documents of hundreds of pages, which have been collected from all over the world. Which in itself says a lot. It is noteworthy that The Kerala Story has told that 32,000 Indian women are trapped in the clutches of ISIS and they have been lured from India and sent to Iraq and Syria.



## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं ईवीएम, स्ट्रांग रूम से चक्रवार बाहर लाई जाएंगी

मुरादाबाद- निकाय चुनाव में मतदान के बाद नगर निगम के महापौर और 68 वार्ड पार्षदों के लिए डाले गए वोटों से लॉक ईवीएम मंडी समिति मझोला में बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखी गईं हैं। इनकी सुरक्षा त्रिस्तरीय है। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य इनकी सघन मॉनीटरिंग कर सुरक्षा इंतजाम देख रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के 578 बूथों पर मतदान के बाद गुरुवार शाम को ही मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम की गिनती कर घेरे में उन्हें रख दिया गया। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। अधिकारियों और सुरक्षा बलों के जिम्मेदारों के अलावा इस स्ट्रांग रूम में किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है। स्ट्रांग रूम के बाहर अत्याधुनिक असलहे से लैस सशस्त्र बल पहरा दे रहे हैं। यहां आने की अनुमति सामान्य रूप से नहीं है। केवल इसके लिए निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकृत अधिकारी, पुलिस और सुरक्षा बल के अधिकारी ही सुरक्षा इंतजाम देखने आ रहे हैं। ही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुरक्षा और अन्य व्यवस्था की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। स्ट्रांग रूम से चक्रवार गिनती के समय ही 13 मई को ईवीएम और पाकबड़ा और अगवानपुर नगर निकाय की मतपेटिकाएं बाहर लाई जाएंगी। नगर पालिका ठाकुरद्वारा और बिलारी के अलावा अन्य नगर पंचायतों के अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती निकाय वार मुख्यालय पर तय जगह पर होगी। मतगणना के लिए अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद ही वह चक्रवार गिनती के लिए ड्यूटी पर आएंगे।

## मेडिएशन सेंटर में हुआ पति-पत्नी विवाद का समझौता



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के नेतृत्व में परिवार न्यायालय के अधीन मेडिएशन सेंटर में मीडियेटर योगेश कुमार सक्सेना एडवोकेट ने नरेन्द्र कुमार व श्रीमती नीरज के बीच समझौता कराया।दोनों ने अपने सुखी दाम्पत्य जीवन जीने के लिए पुनः आपस में खुशि-खुशि विश्वास जताया है।और समाज को एक नया संदेश दिया है कि पति-पत्नी के बीच कोई गलत फेमी हो भी जाये, तो इसका मतलब रिश्ते तोडना नही होता है, मानव जीवन में गलतियां होती रहती है

इसलिए उसे दिल से नही लेना चाहिए।पति-पत्नी का जीवन समाज को संजोए रखने का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान करता है।मीडिएट योगेश कुमार सक्सेना ने दोनों को मध्यस्थता के माध्यम से सहयोग किया है।

## सड़क पर सबमर्सिबल पंप लगाया तो जुर्माना लगाएगी नगर पालिका

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सड़क पर पानी की बोरिंग और सबमर्सिबल पंप लगाने वालों पर नगर पालिका जल्द ही कार्रवाई शुरू करने की योजना बना रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हे नोटिस देकर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पालिका ईओ संजय कुमार गौतम ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों और गली मोहल्लों में लोगों ने घरों के बाहर सड़कों पर बोरिंग कराकर सबमर्सिबल पंप लगा रखी है। इस कारण सड़कों पर जगह-जगह अतिक्रमण बना हुआ है। इसके साथ ही लोग जमकर जल दोहन कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए पालिका जल्द ही शहर के प्रत्येक वार्ड में सड़कों पर लगी सबमर्सिबल पंप का सर्वे कराएगी। इसके साथ ही सड़कों पर पंप लगाने वालों को नोटिस देकर उन पर दस हजार रुपये सालाना के हिसाब से जुर्माना भी लगाया जाएगा। जुर्माना लगाने के बाद जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ईओ ने यह भी बताया कि शहर में बेवजह शुद्ध पानी बहाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं ने की एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग, सपा सांसद डॉ. एसटी हसन को सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद- एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट संघर्ष समिति मुरादाबाद ने सपा सांसद डॉ. एसटी हसन को ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग की गई है। सांसद को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि देश में अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, कई शहरों में अधिवक्ताओं की हत्या हो गई हैं। उन्होंने बताया कि द्वारिका दिल्ली में अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार की बदमाशों द्वारा



गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। हरदोई में अधिवक्ता अमित शुक्ला की सरेआम बदमाशों द्वारा बोलेरो कार चला कर हत्या कर दी गई। इसके अलावा लगातार पैरवी के दौरान अधिवक्ताओं को धमकियां मिल रही हैं और उनके खिलाफ झूठे मुकदमे भी दर्ज कराए जा रहे हैं। यदि इस तरह लोग अधिवक्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराते रहे तो वह अपना कार्य कैसे करेंगे। जो अधिवक्ता भारत के संविधान व कानून के सहारे सभी को सुरक्षित रखता है, वह आज खुद असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं राजस्थान सरकार द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दिया गया है। अब अधिवक्ताओं के हित में पूरे भारत में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चंद दिवाकर, आदित्य राघव, विशाल भारद्वाज, विनय कुमार विकल, मोहम्मद कमाल अहमद, विकास अग्रवाल और मोहित विश्नोई समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## भोजपुर में नकली नोटों की खेप बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद- भोजपुर थाना क्षेत्र के पीपलसाना गांव से पुलिस ने नकली नोटों का जखीरा बरामद किया है। छापेमारी के दौरान मौके से दो आरोपियों के अलावा नकली नोट बनाने वाली मशीन भी बरामद हुई है। यूपी एसटीएफ व भोजपुर पुलिस की टीमें नकली नोटों कारोबार की असल जड़ तलाशने में जुटी हैं। कुछ और लोगों के गिरफ्तारी का अनुमान है। एसटीएफ व भोजपुर पुलिस ने शनिवार को सुबह पीपलसाना के चौधरियान मोहल्ले में मदीना मस्जिद के समीप नाजिम के गोदाम में छापेमारी की। मौके पर झोलाछाप व कथित तौर पर डाक्टर नफीस अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी कमालपुर थाना कुन्दरकी के अलावा नाजिम पुत्र खलील मिले। दोनों नकली नोट बना रहे थे। दोनों के कब्जे से 20-20 रूपये के नकली नोटों की कुल 60 गडडी बरामद हुई।





बरामद नकली नोट एक लाख बीस हजार रूपये हैं। इसके अलावा अध बने नोट व नकली नोट बनाने का उपरकरण भी पुलिस ने मौके से बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ नकली नोट बनाने, धोखाधड़ी करने आदि का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### युवती करती थी बाजार में नकली नोट का व्यापार

मुरादाबाद। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बाजार में नकली नोट खपाने के लिए वह एक युवती का इस्तेमाल करते थे।युवती की पहचान शहनाज पुत्री खलील अहमद निवासी मदीना मस्जिद के पास मोहल्ला चौधरियान भोजपुर के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया कि युवती मार्केट में नकली नोट खपाने में मदद करती थी। फिलहाल युवती घर छोड़ फरार है। छानबीन में पता चला कि कुंदरकी का रहने वाला डा. नफीस नकली नोट बनाने के कारोबार में लबे समय से जुडा है। उसके खिलाफ मझोला व अमरोहा में मुकदमे दर्ज हैं। महज आठ माह पहले मझोला पुलिस के दबाव में डा. नफीस ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। जेल से छूटने के बाद वह दोबारा नकली नोटों के कारोबार से जुड़ गया। डा. नफीस पर विदेशी खुफिया एजेंसी से भी सांठगांठ रखने व नेपाल व पाकिस्तान की मदद से नकली नोट बनाने का संदेह है। एसटीएफ व भोजपुर पुलिस नए सिरे से डा. नफीस के गैंग की छानबीन करने में जुटी है। बरामद सामान की सूची - 20-20 रूपये के नोटो की कुल 60 गडडी, कुल रूपये 1,20,000, एक लेपटॉप, एक प्रिंटर ,एक कलर प्रिंटर मय स्कैनर कैनन , एक लेमिनेसन मशीन , एक रिम पेपर , एक रिम पेपर फाइन पेपर, एक हरी पन्नी रोले व एक सिल्वर पन्नी रोल , तीन मोबाइल फोन

## डबल इंजन नहीं ट्रिपल इंजन की बनेगी सरकार-केशव प्रसाद मौर्य

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज के डीएवी इंटर कॉलेज क्रीडा स्थल में निकाय चुनाव की सभा को आज उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित किया निकाय चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है आज अलीगंज नगर पालिका परिषद क्षेत्र पंचायत जैथरा क्षेत्र पंचायत राजा का रामपुर के प्रत्याशी सुनीता गुप्ता विजेंद्र सिंह चौहान रेखा देवी को निकाय चुनाव में भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन बुद्ध पूर्णिमा का ऐतिहासिक दिन है भगवान बुद्ध का रास्ता आज भी प्रासंगिक है उन्होंने पूर्व के चुनावों की चर्चा करते हुए





कहा कि इससे पूर्व भी जब मैं इसी ग्राउंड पर विधानसभा चुनाव के दरमियान भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करने आया था तब आप लोगों ने मेरे अनुरोध पर कमल खिलाने का काम किया था आज एक बार फिर मैं अलीगंज नगर पालिका की भाजपा प्रत्याशी सुनीता गुप्ता नगर पंचायत जैथरा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह चौहान क्षेत्र पंचायत राजा का रामपुर प्रत्याशी रेखा देवी के लिए वोट मांग कर कमल खिलाने की आप से अपील करने आया हूं मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप पुनः यहां पर भारी मतदान कर तीनों प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने का काम करेंगे वर्तमान में देश के अंदर भाजपा कि समर्पित सरकार है जिस के शासनकाल में सभी गरीब असहाय लोगों को नियमित राशन जल व्यवस्था विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से मिल रही है पूर्व की सपा बसपा कांग्रेस सरकार में बिजली आती ही नहीं थी और आज कमल के फूल की सरकार में बिजली जाती नहीं है अंत में उन्होंने बताया कि 2014 2019 2022 में जिस तरह से आप लोगों ने भाजपा की सरकार बनाई है उसके लिए देश का हर नागरिक मातृशक्ति बधाई का पात्र है अंत में उन्होंने उपस्थित जनता से अपील करते हुए कहा कि कष्ट चाहे कितने भी आएं लेकिन आपको सिर्फ कमल का फूल खिलाना है चुनाव परिणाम आने के बाद मैं आपके बीच में उपस्थित रहूंगा इस चुनावी सभा को प्रमुख रूप से सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, पूर्व चेयरमैन बृजेश गुप्ता, डा0 अशोक रतन शाक्य, राजा का रामपुर मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता उपाध्यक्ष एवं शिवम गुप्ता, अर्जुन सिंह कश्यप सुशील गुप्ता भैया जी जिला महामंत्री मेघ सिंह शाक्य, गोपाल शर्मा, दिनेश गुप्ता, सूर्यकांत गुप्ता, आशीष राजपूत, सुजीत गुप्ता बॉबी, आमोद आर्या सहित बडी संख्या में महिला, पुरूष मौजूद रहे।

## बिस्तर पर खून में लथपथ मिला एसडीएम कांठ के ड्राइवर का शव, हत्या की आशंका

मुरादाबाद- उपजिलाधिकारी कांठ जगमोहन गुप्ता के वाहन चालक का खून से लथपथ शव शुक्रवार देर रात पुलिस ने उसके घर से बरामद किया। परिजनों की सूचना पर चालक का शव कब्जे में लेने के बाद मझोला पुलिस घटना की तह तक जाने में जुटी है। शव व घटना स्थल की दशा देख वाहन चालक की हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस की नजर फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर गड़ी है। मूलरूप से सम्भल के रहने वाला 48 वर्षीय जयदेव सिंह महानगर के खुशहालपुर स्थित अपनी मकान में सपरिवार निवास करता था। परिजनों के मुताबिक जयदेव की पहली पत्नी की कुछ वर्षों पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपनी दूसरी पत्नी व पहले पत्नी के इकलौते पुत्र के साथ बैंक कालोनी में निवास करता था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात करीब एक बजे परिजनों ने बताया कि खून में सना जयदेव बिस्तर पर पड़ा है। मझोला पुलिस मौके पर



पहुंचे। घायल जयदेव को जिला अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने जयदेव को देखते ही मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक जयदेव के सिर में पिछले हिस्से पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया मौके पर पहुंचे। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। परिजनों के मुताबिक मृतक के सगे भाई से प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा था। पहली पत्नी के बेटे ने बताया कि शुक्रवार रात उसके पिता नशे की हालत में थे। घटना को संदिग्ध मान पुलिस वारदात की तह तक जाने में जुटी है।

## बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात घोषणा पत्र में कही है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्य वह

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल को PFI के साथ जोड़ने और कर्नाटक में सरकार बनने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात घोषणा पत्र में कही है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्य वह और द्वेषपूर्ण है।कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश तथा महाराष्ट्र में कुछ कॉंग्रेसी नेताओं ने एवं बिहार में अन्य जनता दल (यु) जैसे दल के नेता प्रतिबंध जैसे स्वर मिला रहे हैं, किन्तु राष्ट्रभक्त संगठन बजरंग दल पर लगे इन झूठे आरोपों का सर्वत्र विरोध भी हो रहा है बजरंग दल की छवि खराब करने वालों को समय आने पर वोट की चोट देकर हमेशा



हमेशो के लिए खत्म कर दिये जायेंगा क्योंकि हिन्दू समाज का बल बजरंग दल। श्री चौहान ने कहा कि बजरंग दल अनुशासित संगठनात्मक स्वरुप के लिए जाना जाता है, अतः आगामी विरोध स्वरुप बजरंग दल दि. 9 मई -2023 मंगलवार को साप्ताहिक मिलन में कुमति निवार सुमित के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ पूरे जिले मे तथा प्रत्येक प्रखंडो में नगर कस्बा के मन्दिरों पर किया जायेगा। मेरा सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि हिन्दू समाज को साथ लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए।

## दुनिया के पहले पत्रकार का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-रिठौरा। दुनिया के पहले पत्रकार और संदेश वाहक नारद मुनि का जन्मोत्सव शनिवार को पत्रकार प्रदीप कुमार गुप्ता के आवास पर बड़े ही हर्षोल्लास के? साथ मनाया गया। सर्वप्रथम नारद मुनि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत सम्मान किया गया।इस मौके पर श्री गुप्ता ने नारद मुनि की जीवन शैली पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी साथियों से निष्पक्ष एवं ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व को निभाने का आह्वान किया।इस मौके पर पत्रकार गोपाल गुप्ता, सचिन मिश्रा,दीपक कुमार आदि ने अपने -अपने विचार रखे।

## अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन 9 से 14 मई को गुजरात के गांधी नगर में

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे शिक्षकों के राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत इससे पहले पंण्डित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी के बाद तीसरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षकों के सम्मेलन को करेंगे संबोधित। जनपद बरेली से जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में 35 शिक्षक राष्ट्रीय अधिवेशन में करेंगे प्रतिभाग भारत सरकार और राज्य सरकार ने इस अधिवेशन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों का किया है अवकाश बरेली।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि हमारा अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षकों का राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार गुजरात के गांधी नगर में 09 मई से 14 मई 2023 को होगा जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, इस अधिवेशन को संबोधित करेंगे यह तीसरा अवसर है जो कि शिक्षकों के सम्मेलन का राष्ट्रीय स्तर सम्मेलन को संबोधित करने वाले तीसरे प्रधानमंत्री है, इससे पहले जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी संबोधित कर चुके हैं, इस सम्मेलन में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 3 लाख शिक्षक प्रतिभाग करेंगे, उत्तर प्रदेश से 3000 से अधिक शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। जनपद बरेली से 35 शिक्षक जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में प्रतिभाग करने शनिवार शाम को प्रस्थान कर रहे हैं। इस सम्मेलन के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार उत्तर प्रदेश ने प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षकों के अवकाश का पत्र जारी कर अवकाश किया है। मांडलिक मंत्री के0 सी0 पटेल ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाला शिक्षकों का सम्मेलन प्रति दो वर्षों में होता है जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम पाल सिंह करेंगे । इन्हीं के निर्देशन में सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे, और बताया कि उत्तर प्रदेश से शिक्षकों का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उश्प्रश्और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील पांडेय करेंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# हरदत्त नगर गिरन्ट थाने मे नवीन भवन का पुलिस अधीक्षक ने फीता काट कर किया उदघाटन

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती – जनसहयोग से बने हरदत्त नगर गिरंट थाने के भवन का उदघाटन श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने देर रात फीता काटकर किया।इस दौरान श्रावस्ती एएसपी प्रवीण कुमार यादव सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा,सीओ अतुल कुमार चौबे के साथ थाना अध्यक्ष गिरंट उमेश सिंह, थाना अध्यक्ष मल्हीपुर रामपाल यादव,सोनवा थाना अध्यक्ष सहित जिले की पुलिस फोर्स मौजूद रहीं। श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि जितनी जल्दी जनसहयोग से यह थाना बनकर तैयार हुआ है यह क्षेत्र व पुलिस बधाई के पात्र हैं।24 घंटे भगवान श्री राम जी का अखंड पाठ चला इसके बाद हवन पूजन के बाद फीता एसपी प्राची सिंह ने काटकर उद्घाटन किया।इस दौरान क्षेत्र के सलीम खां, पूर्व प्रधान असगर अली, पहलवान खां, जिला पंचायत सदस्य विशम्भर श्रीवास्तव, सलामत खां,बाबू खां, दिनेश यादव, ग्राम प्रधान बभन पुरवा, गुड्डू, ग्राम प्रधान पटपरगंज आरिफ खां, ग्राम प्रधान इमलिया करनपुर दिलशाद, आदि ग्राम प्रधान सहित सम्भ्रांत लोग उपस्थित रहे। जबकि दीवान अरूण सिंह, दीवान सदाशिव यादव, दीवान सुरेश कुमार साहनी व थाने पर तैनात होमगार्ड पीआरडी के जवान ने हरदत्त नगर गिरंट जयथाने पर चल रहे कार्यक्रम बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना ने नारी शक्ति को समर्पित समारोह का आयोजन किया

**रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना ने श्रीमती रजनी बैंक्टर को पद्म श्री से किया सम्मानित**

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना – रोटरी भवन सराभा नगर में रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित समारोह में जुटे रोटेरियन्स को संबोधित करते हुए पद्म श्री श्रीमती रजनी बैंक्टर ने नारी शक्ति अपनी मेहनत और उत्कृष्ट सोच के कारण समाज को नया मार्गदर्शन प्रदान करने की क्षमता रखती है। श्रीमती रजनी बैंक्टर ने अपने प्रभावशाली संबोधन में रोटेरियन्स के साथ अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव साझा किए और कहा कि कुछ करने की सोच के साथ उनकी मेहनत, लगन और परिवारिक सदस्यो के सहयोग से शुरू किया गया आइसक्रीम और बेकरी उत्पादों का छोटा व्यवसाय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। यह अपने आप में एक अनुकरणीय कार्य है। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना के अध्यक्ष रोटेरियन इंजी. जगमोहन सिंह ने पद्मश्री श्रीमती रजनी बैंक्टर (करीमिका ग्रुप ऑफ कंपनीज की संस्थापक एवं चेयरपर्सन) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती रजनी बैंक्टर, जिन्होंने पूरे देश में एक औद्योगिक रोल मॉडल महिला के रूप में अपनी पहचान बनाई, वह पूरे महिला वर्ग के लिए एक प्रकाश स्तम्भ हैं। इस दौरान उन्होंने लुधियाना के रोटरी क्लब द्वारा पद्मश्री श्रीमती रजनी बैंक्टर (करीमिका ग्रुप ऑफ कंपनीज की फाउंडर और चेयरपर्सन) को भी सम्मानित किया। इस समय पीपी रोटेरियन ब्रिगेडियर मस्तिंदर सिंह, रोटेरियन एसपी करकरा, रोटेरियन आनंद, रोटेरियन विनय अग्रवाल, इंजी. बलविंदर सिंह ग्रेवाल, हरसज्जन सिंह, रोटेरियन, इंजी. मेजर सिंह, रोटेरियन मैडम नीलम खोसला, रोटेरियन बलबीर कौर उनके साथ हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना के गणमान्य सदस्य जिनमें रोटेरियन मैडम सुनैना जैन विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# हिस्ट्रीसीट की कॉर्बन कॉपी मिली। जिसे वर्तमान एचएम ने लेने तय किया इंकार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना से एक और एचएस का खाका गायब हो गया। हिस्ट्रीशीटर की मूल कॉपी नहीं मिली है। कार्बन कॉपी मिलने के बाद मामले में जांच बैठाई गई थी। एसएसपी के आदेश पर तत्कालीन एचएम पर थानाध्यक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजा का रामपुर थाना के थानाध्यक्ष संजयपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बसंत यादव निवासी गढ़िया लुहारी थाना राजा का रामपुर का एचएस का मूल खाका गायब है और कार्बन की प्रति ही मिली है

। मामले की जांच सीओ अलीगंज को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसओ के अनुसार थाना राजा का रामपुर पर तत्कालीन एचएम नरेन्द्र सिंह तैनात थे जो वर्तमान में जिला फिरोजाबाद के थाना पचोखरा में तैनात है। आरोप है कि इन्होने ही एचएस का खाका गुम कर दिया है। इनके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## चार्ज देते समय खुला मामला, बैठी थी जांच

खाका 2016 से गायब होना बताया जा रहा है। तत्कालीन एचएम का करीब पांच से छह माह पहले ही ट्रान्सफर हुआ। दूसरे एचएम को चार्ज देते समय खाका की कॉर्बन कॉपी मिली।

जिसे वर्तमान एचएम ने लेने से इंकार कर दिया और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद मामले में जांच बैठी।

# खेत में 'खजाना': जुताई करते वक्त मिला कलश, मालिक और मजदूरों ने आपस में बांटा; चांदी के 12 सिक्के बरामद



बरेली के हाफिजगंज क्षेत्र के कुंवरपुर बंजरिया गांव में ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय एक किसान को जमीन में दबा कलश मिला। चर्चा है कि कलश में चांदी के सिक्के थे। चांदी के सिक्कों के फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए हैं। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है। कुंवरपुर बंजरिया के जंगल में किसान सुखपाल ने खेत की मिट्टी बेची थी। जमीन को समतल कराने के बाद शुक्रवार को वह ढेंचा की फसल बोने के लिए ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे। गांव में चर्चा है कि जुताई के दौरान खेत की एक मेड़ पर कलश मिला। उसमें चांदी के सिक्के भरे हुए थे। कुंवरपुर बंजरिया गांव में ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय जमीन में दबा कलश मिला। कलश में चांदी के सिक्के थे। बताया जा रहा है कि खेत मालिक और मजदूरों ने सिक्के बांट लिए। पुलिस ने 12 सिक्के बरामद किए हैं।

## आपस में बांट लिए सिक्के

मजदूरों और खेत मालिक ने सिक्के आपस में बांट लिए। खेत में खजाना मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ वहां जमा हो गई, लेकिन मालिक ने किसी को भी खेत में घुसने नहीं दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने चांदी के 12 सिक्के बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि कलश में मिले चांदी के सिक्के मुगलकालीन हैं। कलश में कितने सिक्के थे, इसका पता नहीं चल सकता है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक चेतराम वर्मा ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। जांच कराई जाएगी।

# जनपद में चलाया जायेगा ''पी0एम0 किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण अभियान'

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती – जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जनपद के समस्त पात्र कृषकों को संतृप्त किये जाने के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर जनपद के प्रत्येक गांव में 22 मई, 2023 से 10 जून, 2023 तक लगाया जायेगा। यह आयोजन पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, सार्वजनिक स्थल पर सुबह 09 बजे से शाम 06 बजे तक होगा। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 13वीं किस्त निर्गत करने से पूर्व सभी पात्र कृषकों के बैंक खाते को आधार से लिंक किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। तथा आगामी किस्तें आधार सम्बन्धित गेटवे पेमेंट से ही किया जाना है। इसके लिए कार्यवाही जनपद स्तर पर सम्पन्न कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों, समस्त तहसीलदारों, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी भिनगा, नोडल अधिकारी इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक श्रावस्ती, जिला प्रबन्धक कॉमन सर्विस सेंटर को निर्देशित किया है। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत सेक्रेटरी, ग्राम विकास अधिकारी, प्रविधिक सहायक, पोस्ट आफिस से सम्बन्धित कर्मचारी एवं कामन सर्विस सेंटर की इकाई अनिवार्य रूप से उपस्थिति रहेंगी। उन्होने समस्त सम्बन्धित जनपदीय अधिकारियों से अपेक्षा किया है कि वह अपने स्तर पर ग्राम पंचायत समय सारणी निर्धारित कर ग्राम स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर कैम्प की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि पात्र होने के बावजूद जिन किसानों को अभी तक इस योजना का लाभ नही मिल पाया है को इस योजना से जोड़कर उन्हें लाभान्वित कराया जा सके।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा 580 आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना -पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तंदुरुस्त, प्रगतिशील और ख़ुशहाल राज्य की सृजन करने की तरफ एक और कदम उखाड़ते हुए शुक्रवार को 80 और आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किये, जिससे राज्य में चल रहे ऐसे क्लीनिकों की कुल संख्या अब 580 हो गई है। इक्ट्ठ को संबोधन करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अब राज्य में लोगों को मुफ़्त सेहत सेवाएं मुहैया करने के लिए लगभग 580 आम आदमी क्लीनिक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह 580 क्लीनिक तीन पड़ावों में राज्य के लोगों की सेवा में शामिल किये गए हैं। भगवंत मान ने कहा कि यह क्लीनिक पहले ही लोगों को मानक सेहत सेवाएं प्रदान करन में मील पत्थर साबित हुए हैं और बड़े सुचारू ढंग के साथ बखूबी काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ लैस यह क्लीनिक लोगों को विश्व स्तरीय इलाज और जांच सहूलतें मुफ़्त प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य भर के 25. 63 लाख मरीज़ इन आम आदमी क्लीनिकों से लाभ उठा चुके हैं।

इसी तरह भगवंत मान ने बताया कि इन क्लीनिकों पर कुल 41 किस्म के डायगनौस्टिक टैस्ट मुफ़्त किये जा रहे हैं और 30 अप्रैल तक कुल 1.78 लाख मरीजों ने इन क्लीनिकों से टैस्ट करवाए हैं। भगवंत मान को नम्रता और दूरदर्शिता का प्रतीक बताते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री किसी भी ऐसे व्यक्ति को मिलने के लिए तैयार रहते हैं, जो राज्य का भला कर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान का पंजाब का मुख्यमंत्री बनना लोगों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि यह राज्य और इसके लोगों के लिए अच्छा है क्योंकि ऐसे नेता आजकल बहुत कम हैं। अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व अधीन राज्य का हर क्षेत्र में बेमिसाल विकास हो रहा है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बलबीर सिंह, राज्य सभा मैंबर राघव चड्ढा और संजीव अरोड़ा, विधायक अशोक पप्पी पराशर के इलावा अन्य शख्सियतें उपस्थित थीं।

# लोगों से सीधे जुड़ने के लिए प्रशासन ने अपना न्यूजलेटर लॉन्च किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- उपायुक्त सुरभि मलिक ने शनिवार को लोगों से सीधे जुड़ने के लिए जिला प्रशासन के मासिक न्यूजलेटर का शुभारंभ किया। %खबरां लुधियानावी% शीर्षक से लुधियाना के लोग प्रशासन से जुड़े रहेंगे और सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी का प्रसार करेंगे। प्रशासन की पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि न्यूज़लैटर पाठकों को पंजाब सरकार के नवीनतम कार्यक्रमों और नीतियों के अलावा महीने में की गई गतिविधियों जैसे शिविरों, बैठकों, समारोहों और अन्य के बारे में अपडेट करेगा। उपायुक्त सुरभि मलिक ने अपर्णा एमबी, आईएएस, सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण के तहत) के अकेले दम पर इस न्यूजलेटर को डिजाइन करने के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि समाचार पत्र नागरिकों को आगामी कार्यक्रमों, शिविरों, समारोहों के बारे में भी सूचित करेगा ताकि वे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। सहायक आयुक्त अपर्णा एमबी ने कहा कि नागरिकों को acgludhiana@gmail.com पर ईमेल द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन को रचनात्मक सुझाव देने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में एडीसी अमरजीत बैंस, एसडीएम जसलीन भुल्लर और अन्य शामिल थे।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती – श्रावस्ती इकौना पयागपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर बनकट निवासी चांदबाबू पुत्र मोहम्मद इसहाक गंभीररूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया

# स्पीकर, पंजाब विधान सभा ने वेट यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना – गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना ने 06 मई, 2023 को तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा ने दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि लालजीत सिंह भुल्लर, कैबिनेट मंत्री, पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास, पंजाब सम्मानित अतिथि थे। इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपिंदर सिंह सोढ़ी को भारतीय डेयरी उद्योग के भीतर सहकारी क्षेत्र के विकास में उनके सराहनीय योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद उपाधि) से सम्मानित किया गया। कुलतार सिंह संधवां ने विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी, जिन्होंने विश्वविद्यालय में कठोर शैक्षणिक और शोध कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए उच्च लक्ष्य रखते हुए ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। गडवासू के रजिस्ट्रार डॉ. एच.एस. बंगा ने बताया कि कुल 315 डिग्री, 102 योग्यता प्रमाण पत्र और 17 स्वर्ण पदक उन छात्रों को प्रदान किए गए, जिन्होंने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी, मास्टर ऑफ वेटरनरी साइंस, मास्टर ऑफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। मास्टर ऑफ फिशरीज साइंस, मास्टर ऑफ वेटरनरी साइंस, मास्टर ऑफ साइंस (बायोटेक्नोलॉजी), बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी, बैचलर ऑफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस और बैचलर ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, गडवासू के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य, अधिकारी, शिक्षक, सेवानिवृत्त और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।